भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.09.2024

# एम.ई.टी. एवं एच.टी.एस.– 2024 मुंबई प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ, आरेडिका ने किया प्रतिभाग

दिनांक 4 से 6 सितंबर तक आयोजित 'एम.ई.टी. एवं एच.टी.एस.–2024' का केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने वर्चुअल शुभारंभ किया इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से मैटेरियल्स (सामग्री) और हाई–थ्रुपुट स्क्रीनिंग (एच.टी.एस) से संबंधित नई तकनीकों, नवाचारों और समाधानों के साथ ही नए और उन्नत मैटेरियल्स की जांच और परीक्षण के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने ऑनलाइन कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।

इस प्रदर्शनी में रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च, भारत सरकार सहित लगभग 15 से अधिक देशों के 300 स्टॉल और 600 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिनमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) द्वारा कोच उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। आरेडिका के स्टॉल में विभिन्न प्रकार के कोच मॉडल, इंफोग्राफिक्स, कोच को बनाने में प्रयुक्त मटेरियल और निर्यात किए जाने वाले कोच मॉडल को प्रदर्शित किया गया है, जो आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं जिससे प्रदर्शनी में औद्योगिक प्रतिनिधियों की अत्यधिक भागीदारी हो रही है।

इससे पहले आरेडिका प्रदर्शनी स्टॉल का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जन संपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव एवम उप मुख्य सामग्री प्रबंधक संजय निगम ने आरेडिका के कोच उत्पादन एवम सामग्री खरीद से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से आरेडिका के अभिकल्प विभाग के प्रतिनिधी के. के. श्रीवास्तव, अंगद कुशवाहा, आलोक रंजन, मो. परवेज स्टोर विभाग के मदन मीना, जितेंद्र सिंह के साथ ही जन सम्पर्क विभाग, भंडार, गुणवत्ता विभाग के कर्मचारीगण प्रतिभाग कर रहे हैं।

04.9.2024

(आर.एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी